सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

चैत्र 02, बुधवार, शाके 1943-मार्च 23, 2022

Chaitra 02, Wednesday , Saka 1943- March 23, 2022

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर

संशोंधित अधिसूचना

जयपुर, मार्च 15, 2022

संख्या एफ10( )चुनाव/स्वा.शा./21/315 :-विभागीय अधिसूचना क्रंमांक एफ **10** (चुनाव) एल.एस.जी./**21/2662** दिनांक **03/11/2021,** व पत्रांक **2663-2670** दिनांक **03/11/2021** की निरन्तरता में राजस्थान नगर पालिका अधिनियम **2009** की धारा **6** एवं **10** तथा राजस्थान नगर पालिका (चुनाव) नियम **1994** के नियम **3** के अध्यधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नवगठित नगर पालिका अटरू जिला बांरा के वार्डो के परिसीमांकन प्रारूप को सक्षम स्तर से अनुमोदन कर दिया गया है। अत: राजस्थान नगर पालिका निर्वाचन नियम **1994** के अनुसार नवगठित नगर पालिका अटरू की जनगणना **2011** के आधार पर कुल जनसंख्या **24,691** कुल वार्ड **25** में अनुसूचित जाति हेतु **6** वार्ड, अनुसूचित जनजाति हेतु **3** वार्ड एवं अन्य पिछडा वर्ग हेतु **4** वार्ड एवं शेष **12** वार्ड सामान्य वर्ग के परिसीमांकन सीमा विवरण का प्रारूप **"**क **"** का संशोधित विवरण का राज.राजपत्र में प्रकाशनार्थ संलग्न है। नवगठित नगर पालिका के आम चुनाव के संबंध में अग्रिम कार्यवाही राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार की जावेगी।

संलग्न **:-** प्रपत्र **"**क**"** परिसीमांकन विवरण

आज्ञा से,

हृदेश कुमार शर्मा,
निदेशक एवं संयुक्त सचिव।

संशोधित प्रफोर्मा "क"

संस्था का नाम:- नगर पालिका अटरू जिला बारां

क्र सं0	प्रस्तावित वार्ड	जनसंख्या	नवगठित वार्डों के सीमांकन का विवरण
1.	वार्ड नं0 1	785	बनवारी लाल मालव के मकान से उत्तर दिशा में पिपलोद रोड पर चलते हुएमाइल स्टोन से पूर्व दिशा में चलकर दायीं ओर की आबादी को शामिल करते हुए कच्ची पगडंडी पर चलकर तालाब की पाल के किनारे किनारे चलते हुए दक्षिण दिशा में मुडकर 11 केवी विद्युत लाइन के साथ साथ चलकर दायीं ओर की सहरिया बस्ती को शामिल करते हुए गोविन्द पुरा खाल से पश्चिम की ओर आये

			किनारे पर चलते हुऐ गोविन्द पूरा रोड पर पहुंचकर पुलिया पार करते हुए रोड रोड चलकर मेन बंधा रोड को पार करते हुए रतनपुरा फार्म के रास्ते पर चलते हुए रतनपुरा फार्म की समस्त आबादी को शामिल करते हुए पुनः बंधा रोड को पार कर गोविन्दपूरा रोड पर पुलिया पर पहुंचते हुए पश्चिम दिशा के खाल के सहारे सहारे ऐनिकट पार पहुंच कर दाई ओर की आबादी को शामिल करते हुए एनिकट की पाल के किनारे किनारे चल कर पश्चिम दिशा में गुलाब चंद जी सेन के मकान को शामिल करते हुए उत्तर पश्चिम दिशा में मुड़कर सुरेंद्र धाकड़ के मकान से दाई ओर की आबादी को शामिल करते हुए गणेश जी के मंदिर से उत्तर दिशा में मुड़कर विद्यालय खेल मेदान की बाउड्री के सहारे सहारे बायीं ओर की आबादी को शामिल करते हुए पिपलोद रोड पर बनवारी लाल के मकान तक
2.	वार्ड नं0 2	942	रेल्वे फाटक को पार करते हुए शिवदान सिंह जी का मकान से बन्धा रोड पर चलते हुए जय माता दी किराना स्टोर के कोने से पूर्व दिशा में अनवर सिंह के पास कब्रिस्तान को शामिल करते हुए वन विभाग की बाउन्ड्री के सहारे-सहारे शिवचरण जी सुमन के मकान से होते हुए बन्धा रोड पार करते हुए ऊत जी महाराज का चबूतरे से होते हुए शमशान घाट को शामिल करते हुए रेलवे लाईन के सहारे दक्षिण दिशा से रेल्वे फाटक तक
3.	वार्ड नं0 3	937	चतरसिहं सिगलीगर के मकान से रतनपुरा मैन रोड पर पुर्व दिशा में चलकर बायीं और की आबादी को शामिल करते हुए कयूम खान के मकान तक पुनःजोधराज गुर्जर के मकान से रतनपुरा मैन रोड पर पूर्व दिशा में चलकर बायीं और की आबादी को शामिल करते हुए नीम के चबुतरे से उत्तर पूर्व दिशा में चलकर बायीं और की आबादी को शामिल करते राधेश्याम जी कुशवाह के मकान से पूर्व दिशा मे चैनपुरिया रोड पर आबादी को शामिल करते हुए पुनः नदी पार कर चैनपुरिया रोड पर चलकर राधेश्याम कुशवाह के मकान सें उत्तर दिशा में चलकर दोंनो और की आबादी को शामिल करते हुए गुलाबचंद कुशवाह के मकान से पश्चिम दिशा में चलकर बायीं और की आबादी को शामिल करते हुए हनुमान जी की छतरी से दक्षिण में चलकर बायीं और की आबादी शामिल करते हुए फौजीलाल कुशवाह के मकान से दोनों और की आबादी को शामिल करते हुए राजेन्द्र

			कुशवाह के मकान से पष्चिम दिशा में चलकर दोनो और की आबादी को छोडते हुए कयूमखान के मकान से उत्तर दिशा में चलकर बायीं और की आबादी को शामिल करते हुए रामसागर मेघवाल के मकान से पश्चिम दिशा में चलकर बायीं और की आबादी को शामिल करते हुए मस्जिद से उत्तर दिशा में चलकर बायीं ओर की आबादी को शामिल करते हुए राम किशन गुर्जर के मकान से पश्चिम में चलकर बायीं ओर आबादी को शामिल करते हुए माणक जी यादव के मकान से दक्षिण में चलकर बायीं आबादी को शामिल करते हुए चतर सिंह सिगलीगर के मकान तक।
4.	वार्ड नं0 4	1059	शमसू रहमान म.नं. 289 से पूर्व की और चलकर रास्ते से दोनों तरफ के मकान म.नं. 339 दिशा की बाती तालाब तक छतरी के हनुमान जी तक हनुमान जी से दक्षिण दिशा की ओर चलकर दांयी और की समस्त आबादी को शामिल करते हुए रतनपुरा मैन रोड तक, डीपी से पश्चिम की और रतनपुरा मैन रोड पर चलकर दांयी और की आबादी को शामिल करते हुए सिन्धाजी मारवाड़ा के मकान से उत्तर दिशा की और चलकर दांयी और की आबादी को शामिल करते हुए बाबूलाल निर्मल के मकान से पूर्व दिशा की और चलकर दांयी और की आबादी को शामिल करते हुए मस्जिद से उत्तर दिशा की और चलकर दांयी और की आबादी को शामिल करते हुए रामकिशन चक्रधारी के मकान से पूर्व दिशा की और चलकर दांयी और की आबादी को शामिल करते डुए शमसू रहमान के मकान तक।
5. ए न।	वार्ड नं0 5	1061	अमरलाल बंजारा रतनपुरा मैन रोड के मकान से पूर्व दिशा की और चलकर दांयी और की आबादी को शामिल करते हुए नीम की चबूतरी से उत्तर पूर्व की और चलकर दांयी और की आबादी हुकुमचंद के मकान से पूर्व दिशा में चलकर दांयी और की आबादी को शामिल करते डुए जमनालाल जी कुशवाह के मकान से उत्तर दिशा मे चलकर गीतालाल जी कुशवाह के मकान को शामिल करते हुए दक्षिण दिशा में मुडकर दोनों और की आबादी को शामिल करते हुए देवकरणजी सहरिया के मकान से पश्चिम दिशा में चलकर दांयी और की आबादी को शामिल करते हुए बाबूलाल जी सहरिया के मकान से उत्तर दिशा में दोनों और की आबादी को शामिल करते

			डुए हनुमान जी के मंदिर से पश्चिम दिशा में चलकर दोनों और की आबादी को शामिल करते हुए महावीर पारेता के मकान को शामिल करते डुए नंदलाल सहरिया के मकान से पश्चिम दिशा की और चलकर दोनों और की आबादी को शामिल करते हुए नारायण जी गुर्जर के मकान से दक्षिण में चलकर दोनों और की आबादी को शामिल करते डुए तेजाजी के चबूतरे से पश्चिम दिशा में चलकर दोनों और की आबादी को शामिल करते हुए राघेश्याम जी गुर्जर के मकान से पश्चिम में चलकर दोनों और की आबादी को शामिल करते हुए गोपाल जी गौड के मकान से स्कूल के पीछे की गली में उत्तर दिशा की और चलकर दोनों तरफ की और की आबादी को शामिल करते हुए रामचरण जी हरिजन के मकान को शामिल करते हुए पश्चिम दिशा में चलकर दांयी और की आबादी शामिल करते हुऐ माताजी के चबूतरे से अमरलाल जी बंजारा के मकान तक।
6. ए	वार्ड नं0 6	972	अन्तर सिंह जी हाडा के मकान से दक्षिण में चल कर बायी ओर की आबादी को शामिल करते हए रतनपुरा रोड पार करते हुए बिरधिलाल कुम्हार के मकान से पूर्व मे चलकर बांयी ओर की आबादी को शामिल करते हुए दारू गोदाम से उत्तर से चलकर बायी ओर की आबादी करते हुए जगदीश बैरागी के मकान से पश्चिम चलकर में बांयी ओर की आबादी शामिल करते हुए रामचन्द गुर्जर कें मकान से चलकर रतनपुरा रोड पार करते हुए बायी ओर की आबादी शामिल करते हुए माणक जी यादव मकान से पूर्व मे चलकर बांयी ओर की आबादी शामिल करते हुए रामस्वरूप बैरवा के मकान से उत्तर में चलकर दोनो ओर की आबादी शामिल करते मुक्तार अहमद से उत्तर-पश्चिम में चलकर बांयी ओर की आबादी शामिल करते हुए बन्धा रोड पर जय माता दी किराना स्टोर से दक्षिण - पश्चिम में कुलदीप जी त्यागी के कटले तक बांयी ओर की आबादी शामिल करते हुए कटले की पीछे वाली गली से होकर बांयी ओर शामिल करते हुए अन्तर सिंह जी के मकान तक
7.	वार्ड नं0 7	921	कुलदीप निमोदिया से दक्षिण में जेल रोड तक जेल रोड पर पूर्व में जेल के अंतिम छोर तक जेल के अंतिम कोने से उत्तर में यूसुफ कलंदर तक युसूफ कलंदर से पश्चिम में मुक्तिधाम तक मुक्तिधाम से उत्तर में रामनारायण वालों के मकान तक

			रामनारायण अरवाल से पश्चिम में रामराज मीणा के मकान तक रामराज मीणा से उत्तर में बाबूलाल पटवारी के मकान तक बाबूलाल पटवारी से पश्चिम में बाबूलाल जी अजमेरा की मकान के सामने से होते हुए गिराज जी चक्रधारी के मकान को शामिल करते हुए उत्तर में धनिया फैक्ट्री को शामिल कर कुलदीप जी निमोदिया के मकान तक
8.	वार्ड नं0 8	1067	अमृत सिकलीगर के मकान से रतनपुरा मैन रोड़ पर पश्चिम दिशा में चलते हुए बांयी और की आबादी को शामिल कर हजारी लाल के मकान से दक्षिण दिशा में चलते हुए बांयी और की आबादी को शामिल कर सुरेश मेघवाल के मकान से पूर्व दिशा में चलते हुए बांयी और की आबादी को शामिल कर श्रवण जागा के मकान से दक्षिण दिशा में चलते हुए बायी और की आबादी को शामिल कर राजाराम जी मीणा के मकान से पूर्व दिशा में चलते हुए दानो ओर की आबादी को शामिल रामनारायण ऐरवाल के मकान से दक्षिण दिशा मे चलते हुए दानो ओर की आबादी को शामिल कर केसरीलाल शाक्यवाल के मकान से पूर्व दिशा मे चलते हुए दोनों ओर की आबादी को शामिल करते हुऐ युसुफ कलन्दर के मकान से उत्तर दिशा मे चलते हुए बायीं ओर की आबादी को शामिल कर तेजाजी के चबुतरे से पश्चिम दिशा में चलते हुए बायी ओर की आबादी को शामिल कर देवीलाल बैरवा के मकान से उत्तर दिशा में चलते हुए दोनों ओर की आबादी को शामिल कर माताजी के चबुतरे से पश्चिम दिशा मे चलते हुए दोनों और की आबादी को शामिल कर भगवान कुम्हार के मकान से उत्तर दिशा मे चलते हुए दोनों और की आबादी को शामिल कर अमरलाल बंजारा के मकान को छोड़ते हुए अमृत सिगलिगर के मकान तक।
9.	वार्ड नं0 9	1209	आंगन बाडी को केन्द्र मानकर जैल कालोनी उत्तर दिशा की ओर मुस्लिम आबादी क्षेत्र ग्रेवल रोड व सी. सी. तक इस ग्रेवल रोड व सी. सी. से पूर्व की और सेन्ट्रल जैल तक काबेलिया बस्ती तक का इससे दक्षिण की और चलकर शारदा छात्रावास तक कालबेलिया एवं ओड बस्ती आबादी क्षेत्र शारदा छात्रावास से कुछ आगे चलकर पश्चिम की ओर आंगनबाडी केन्द्र तक की भोपा बस्ती की आबादी क्षेत्र शामिल हैं।

10.	वार्ड नं0 10	1082	अटरू मे राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय स्कुल से पूर्व की और चलते हुऐ पुरानी मण्डी (खेल मेदान) के दक्षिण दिशा का मोहल्ला व पूर्व दिशा मे ढोक तलाई हनुमान मन्दिर के पास का मोहल्ला पूर्व मे पटरी पार रामनगर संस्कृत स्कूल के दक्षिण का मोहल्ला पटरी के पास चलते हुए पश्चिम दिशा मे पशु चिकित्सालय के पास का मोहल्ला व बिजली आॅफिस से हाट चैक वाले रास्ते के उत्तर दिशा का पूरा मोहल्ला आगे चलकर मुख्य बाजार व बालिका उच्च माध्यिमिक विद्यालय के पूर्व दिशा का पूरा मोहल्ला वार्ड 10 में शामिल हैं।
11.	वार्ड नं0 11	1102	सहकारी कार्यालय से पूर्व की और बिजली ऑफिस तक चलकर उत्तर की और विमल जेन के मकान से होकर पूर्व दिशा मे 55 नंबर फाटक को पार कर शहनाद खान के मकान से दक्षिण दिशा मे आगे बढ़ते हुए चोथमल जी मकान से पश्चिम दिशा मे रेलवे लाइन पार करते हुए बिरधि लाल प्रजापत का मकान तथा उसी तरफ पश्चिम दिशा मे लक्ष्मण जी शाक्यवाल तथा फिर थोडा आगे सुरेश जी नागर अध्यापक के मकान से उत्तेर दिशा मे चंद्रंसिह का मकान फिर पश्चिम मे राजेंद्र कुमार के मकान से दक्षिण दिशा मे सहकारी कार्यालय गोदाम तक वार्ड 11 का सीमांकन हैं।
12.	वार्ड नं0 12	1052	नई पानी की टंकी सालपुरा रोड, गडरिया मोहल्ला फागनिया भेरूजी की आबादी को शामिल करते हुऐ, कोली मोहल्ला एवं नाकादेव मोहल्ला सम्पूर्ण क्षेत्र को शामिल करते हुए हरिजन बस्ती को शामिल किया गया।
13.	वार्ड नं0 13	1000	पटरी पार जेल कालोनी की आबादी को शामिल करते हुए पटठी के पासवाली आबादी शामिल कर आगे बढकर चूने का भट्टा की आबादी को शामिल किया गया
14.	वार्ड नं0 14	903	सरकारी विद्यालय मोहल्ला में चन्द्र प्रकाश योगी व कंवरलाल प्रजापत के मकान से होकर सम्पुर्ण धाकड मोहल्ला, कुआ मोहल्ला में हेमराज नागर के मकान तक वहा से मन्दिर मोहल्ला रामप्रसाद प्रजापत के मकान से होते हुए प्रहलाद नागर के मकान से सहरिया बस्ती नई बस्ती खेडली बांसला में रामचन्द्र बैरवा के मकान तक। एच. एन. 90 के दूसरी और नवोदय विद्यालय व आवासीय विद्यालय तक

15.	वार्ड नं0 15	940	कटारमल मंदिर तिराया से खेडापति हनुमान जी बाबा राम देव जी मंदिर हाइवे रोड 90 अटरू बारां राधिका कुंज प्लाजा से पूर्व दिशा में चलकर दक्षिण की ओर की आबादी शामिल कर तिराया से उत्तर की ओर गालव शू-स्टोर से पूर्व की ओर चलकर मेघवाल मोहल्ला राम भरोस जी कोली से चलकर मोहनलाल बागडी से पूर्व की ओर बाबूलाल कोली के मकान से चूने के बटटे को शमिल करते हुए दक्षिण की ओर चलकर एन एच 90 हाइवे पर बस स्टेण्ड पीपल का पेड से दक्षिण दिशा में चलकर रोड के पार सम्पूर्ण गणेश मोहल्ला इन्द्रा कालोनी घरोंदा हाउसिंग बोर्ड से चलकर एन एच 90 हाइवे रोड से राधिका कुंज प्लाजा तक
16.	वार्ड नं0 16	1026	तेजकरण नागर का मकान सालपुरा रोड अटरु से प्रारंभ होकर गणेश तिराहे से हाट चैक रोड से उत्तर दिशा की ओर चलते हुए विनोद प्रताप के मकान तक विनोद प्रताप के मकान से पश्चिम की ओर रमेश गुर्जर का बाड़ा तक रमेश गुर्जर के बाड़ा से उत्तर दिशा में बिजासन माता के मंदिर के पश्चिम क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए माताजी की मंदिर से उत्तर दिशा में कल्लू खँ के मकान तक के क्षेत्र को सम्मलित करते हुए इमामबाड़ा से ंगडिया मंदिर मोहल्ला की आबादी को सम्मिलित करते हुए नागा बाबा की समाधि से लेकर सालपुरा रोड तक का परिक्षेत्र
17.	वार्ड नं0 17	1166	पटेल जी का मोहल्ला की आबादी को शामिल करते हुए धाकडो का मोहल्ला की आबादी को शामिल करते हुए। लक्ष्मीपुरा ग्राम की सम्पूर्ण आबादी को शामिल करते हुए।
18.	वार्ड नं0 18	878	शुभम पेस्टिसाइड से पारीक जी के मकान से बाबूसिंह जी के मकान से चलते हुए सत्य प्रकाश के मकान से जानकीबाई जी की समाधि होते हुए ,एन ,एच 90 रोड पर पावर हाउस होते विश्वकर्मा मेटल शामिल करते हुए नरसिंह भगवान मंदिर से जैन साहब के मकान होते हुए शुभम पेस्टिसाइड अंतिम बिंदु
19.	वार्ड नं0 19	1110	बडा बाजार अटरू में तारा राव जी मंदिर से शराफत हुसैन जी के मकान तक की आबादी को शामिल कर खारियाॅ कुआॅ मौहल्ला जयपाल जी का मोहल्ला मस्जिद के पास की आबादी को शामिल कर इमाम बाडा अटरू व हाट चोक की आबादी को शामिल कर तारा राव जी के मन्दिर तक

20.	वार्ड नं0 20	950	कुम्हारों के मन्दिर के पास की आबादी से पूर्व की ओर की न्यू सिविल लाईन दौर की आबादी और सिविल लाईन टाकुर मौहल्ला एक माली मौहल्ला का परिक्षेत्र सम्पूर्ण मौहल्ला
21.	वार्ड नं0 21	798	भाग 1- सियाराम मिलन रिसोर्ट्स से पूर्व दिशा मैं चलते हुए अतिंम छोर से कृष्णामुरारी मकान से होते हुए मजार को शामिल करते हुए गालव मोबाइल प्वाइंट से बस स्टैंड को शामिल करते हुए अंबेडकर भवन से रामदयाल चक्की वाले के मकान से जेपी यादव के मकान से होते हुए अंतिम चैराहे से पश्चिम दिशा मैं होते हुए एनएच 90 पेट्रोल पंप कान्हा फिलिंग स्टेशन से होते हुए मेंन रोड से सियाराम मिलन रिसोर्ट्स तक भाग 2- अटरू बस स्टैण्ड से एन एच 90 बस स्टैण्ड से करीबन 4 किलोमीटर उत्तर दिशा में प्रथम बस स्टैण्ड बेडक्या बस स्टैण्ड है मैन रोड एन एच 90 पर पूर्व रा.उ.प्रा. विधालय बैडक्या पष्चिम दिशा में गदोलिया रोड जा रहा है। लिंक रोड गदोलिया के दक्षिण में सी.सी.रोड बैडक्या गाॅव बसा हुआ है रोड बैडक्या पर प्रथम मकान पूर्व में लेखराज सुमन का है व सामने वाला मकान पष्चिम में सुमन का मकान बना हुआ है। यह ी.सी. रोड गाॅव के दक्षिण में जाता है रास्ते में चैराह है जहा पर मन्दिर है चाराहे तक सी.सी. रोड पूर्व दिशा में प्रमोद की गालव की तरफ जाता है प्रमोद जी गालव से पचिम प्रेम जी सुमन तक आकर मेन सी.सी. मे मिल जाता है चोराहे (मन्दिर) से रोड पश्चिम में जाता है जो देव करण जी गालव से होता हुआ रामस्वरूप जी सु ूमन अध्यापक से रमेशजी डिलर की तरफ निकल कर गन्दीलिया लिक रोड से मिल जाता है रास्ते में गिरिराज जी सुमन का परिवार आता है जहाॅ पर एक खाल गोदाम बना हुआ है व पुलिया पार कर गन्दीलिया रोड में मिल जाता है पे्रम जी सुमन के पश्चिम में बृजमोहन सहरिया के परिवार का मकान है
22.	वार्ड नं0 22	985	पटवार घर की गली में रामभरोस जी के मकान से पूर्व में चलते हुए चन्द्रप्रकाश जी (एफपीएस डीलर) के मकान से होते हुए हनुमान मंदिर के तरफ चलते हुए इब्राहीम के मकान से दक्षिण की तरफ चलते हुए लियाकत अली के मकान से पूर्व में चलते हुए कयूम कबाडी के मकान से उत्तर दिशा में चलते हुए मस्जिद की तरफ मिडिल स्कूल से पश्चिम की तरफ चलते हुए भैरूलाल जी के मकान

			से उत्तर पूर्व में जीवनलाल जी के मकान से यादव मोहल्ले में चलते हुए जैन मन्दिर की तरफ होते हुए मदन लाल जी खटीक के मकान से पंचायत समिति रोड पर चलते हुए हीरो होण्डा शौरूम की और चलते हुए पंचायत समिति के पीछे के रोड पर पूर्व की और चलते हुए पदम जी जैन के मकान तक।
23.	वार्ड नं0 23	962	पुरानी रेल्वे फाटक से पूर्व की ओर चलकर चोराहे से मुक्तयार सिंह जी की दुकान के सामने से दक्षिण की ओर घुमकर महावीर अग्रवाल के कान के सामने से दक्षिण की चलते हुऐ संस्कृत विद्यालय के पास से रेल्वे पटरी पार करते हुऐ पश्चिम दिशा में चलकर जगदीश जी चोरसिया के मकान से होते हुऐ पश्चिम दिशा में चलकर जगदीश जी चोरसिया के मकान से होते हुऐ सहकारी बेंक से पंचायत समिति के सामने होते हुऐ रोड पर दक्षिण की तरफ थोडा सा चलकर पश्चिम की तरफ पंचायत समिति के पीछे जैन मन्दिर के सामने वाली गली से होते हुऐ क्रय विक्रय सहकारी समिति के सामने होते हुऐ पूर्व दिशा की ओर चलकर स्टेशन के पास होते हुऐ उत्तर की ओर चलकर पश्चिम की तरफ चलकर रेल्वे फाटक तक
24.	वार्ड नं0 24	885	मिडिल स्कूल के पश्चिम दिशा की तरफ वाली गली से उत्तर की ओर चलते हुऐ काजी के मकान से सामने से हाडा सा के मकान से होते हुऐ पुरूषोत्तम जी के मकान के सामने से पश्चिम की ओर घुमते वापिस दक्षिण दिशा में चलते हुऐ जगदीश के मकान से होते हुऐ जगदीश कोली के मकान से आगे चलकर कृष्ण मुरारी के मकान से पूर्व की तरफ चलते हुऐ मिडिल स्कूल तक
25.	वार्ड नं0 25	899	सदर भाई के मकान से होते हुए मेन रोड से रेल्वे स्टेशन की तरफ चलते हुए तहसील परिसर को शामिल करते हुए श्री राम रिसोर्ट दक्षिण दिशा की आबादी को शामिल करते हुए सत्यनारायण जी के मकान से घूमते हुएं मिडिल स्कूल के पिछे वन विभाग को छोडते हुऐ हनुमान मन्दिर के सामने वाली लाइन से सादर भाई के मकान तक

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।